उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 01 श्रावण, शक संवत्, 1931
**( दिनांक : 23 जुलाई, 2009 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. मुख्यमंत्री, दिनांक 15 जुलाई, 1996 को सोमवती अमावस्या के पर्व पर हरिद्वार में हुई दुर्घटना की जांच हेतु गठित माननीय न्यायमूर्ति श्री राधेकृष्ण अग्रवाल जांच आयोग की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

8. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

9. वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

(1) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17, कृषि कर्म एवं अनुसन्धान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1604450 हजार (एक सौ साठ करोड़ चौवालीस लाख पचास हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ख))

(2) पशुपालन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-28, पशुपालन सम्बन्धी कार्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 624562 हजार (बासठ करोड़ पैंतालीस लाख बासठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ख))

(3) ग्राम्य विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19, ग्राम्य विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2686363 हजार (दो सौ अड़सठ करोड़ तिरसठ लाख तिरसठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ख))

(4) शिक्षा मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2010 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11, शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 21223902 हजार (दो हजार एक सौ बाईस करोड़ उन्तालीस लाख दो हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी (ख))

10. राज्य में प्रवाहित होने वाली नदियों के निरन्तर जलस्राव की कमी को रोकने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों के संबंध में दिनांक 15 जुलाई, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-01 के सम्बन्ध में श्री किशोर उपाध्याय, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत, दिनांक 21 जुलाई, 2009 को स्थगित, आधे घण्टे की चर्चा।

11. प्रदेश में हो रही विद्युत कटौती के संबंध में दिनांक 20 जुलाई, 2009 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-10 के सम्बन्ध में श्री प्रीतम सिंह तथा श्रीमती अमृता रावत, सदस्य विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

13. जनपद हरिद्वार के ग्राम- सुल्तानपुर, तहसील- लक्सर के किसानों के सरकारी नलकूप एल0जी0-1 द्वारा फसलों की सही ढंग से सिंचाई न होने के संबंध में हाजी तसलीम अहमद, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, सिंचाई मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

14. उत्तराखण्ड के राजकीय विद्यालयों में लाइब्रेरियन के पदों पर बी0एड0 की भांति रिक्त पदों पर बी0लिब0 डिग्रीधारी छात्र/छात्राओं को अभी तक नियुक्ति न दिये जाने के संबंध में श्री किशोर उपाध्याय एवं श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 21 जुलाई, 2009 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 23 जुलाई, 2009**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

## नत्थी 'ख'

## वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

**अनुदान संख्याः- 17 कृषि कर्म एवं अनुसन्धान, 28 पशुपालन सम्बन्धी कार्य, 19 ग्राम्य विकास विभाग, 11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति**

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| क- 1. डा0 हरक सिंह रावत,<br>2. श्री यशपाल आर्य,<br>3. श्री प्रीतम सिंह,<br>4. श्री महेन्द्र सिंह माहरा,<br>5. श्री गोविन्द सिंह कुंजवाल,<br>6. श्रीमती अमृता रावत,<br>7. श्री दिनेश अग्रवाल,<br>8. श्री जोत सिंह गुनसोला,<br>9. श्री रणजीत सिंह रावत,<br>10. श्री तिलक राज बेहड़,<br>11. श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>12. श्री किशोर उपाध्याय,<br>13. श्री गोपाल सिंह राणा,<br>14. कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>15. डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल,<br>16. श्री केदार सिंह रावत,<br>17. श्री राजेश जुवांठा,<br>18. श्री करन माहरा,<br>19. श्री मनोज तिवारी,<br>20. श्री मयूख महर, | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| ख 1. काजी निजामुद्दीन,<br>2. चौ0 यशवीर सिंह,<br>3. मौ0 शहजाद,<br>4. श्री हरिदास,<br>5. श्री सुरेन्द्र राकेश,<br>6. हाजी तसलीम अहमद,<br>7. श्री प्रेमानन्द महाजन,<br>8. श्री नारायण पाल, | -तदैव- |

द्वितीय सत्र, 2009
का द्वितीय गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 01 श्रावण, शक संवत्, 1931

## ( दिनांक : 23 जुलाई, 2009 )

## नत्थी ''क''

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री गणेश जोशी<br>12.06.2009 | *1. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि मसूरी, देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित विद्युत स्ट्रीट लाइटों का अधिभार एम0डी0डी0ए0 को देना पड़ता हैं? क्या यह सत्य है कि एम0डी0डी0ए0 द्वारा विद्युत लाइटों का बिल वहन न किये जाने के कारण कनेक्शन हटा दिये जाते हैं? यदि हां, तो क्या सरकार इन विद्युत लाइटों को अधिभार से मुक्त रखने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक उक्त योजना पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | चतुर्थ गुरूवार के लिए स्थगित |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>15.06.2009 | *2. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून एवं हरिद्वार जनपद में कामर्शियल गैस सिलेण्डर की विगत छः महीनों में प्रत्येक पखवाड़े की आपूर्ति का विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि हरिद्वार एवं देहरादून में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं औद्योगिक इकाईयों में घरेलू गैस सिलेन्डरों का उपयोग हो रहा है? यदि हाँ, तो इसके रोकथाम के लिए क्या उपाय किए गए हैं तथा विगत छः माह में कितने प्रतिष्ठानों/इकाईयों को दण्डित किया गया है? | खाद्य |

श्री सुरेन्द्र राकेश
16.06.2009

*3. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश द्वारा गत वर्ष बासमती चावल का कुल कितना निर्यात किया गया है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि इस वर्ष प्रदेश में बासमती चावल का कुल कितना उत्पादन हुआ एवं कुल कितनी खरीदारी किस–2 जिले में कितनी–2 की गयी है?

खाद्य

श्री सुरेन्द्र राकेश
16.06.2009

*4. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में चालू वर्ष में धान की फसल खरीद का लक्ष्य प्रदेश में धान की पैदावार से अधिक रखा गया है ? यदि हाँ, तो इस विसंगति के क्या कारण है ? क्या सरकार विसंगति करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

खाद्य

श्री प्रीतम सिंह
17.06.2009

*5. क्या पशुपालन मंत्री अवगत है कि पर्वतीय क्षेत्र में घोड़ों व खच्चरों में बीमारी फैलने से कई जानवरों की मौत हो गई है व कई बीमार हो गये हैं? क्या सरकार द्वारा घोड़ें व खच्चरों को बीमारी से बचाने हेतु कोई कारगर उपाय किये गये हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

पशुपालन

श्री नारायण पाल
17.06.2009

*6. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि राज्य के जनपद ऊधमसिंह नगर व नैनीताल में कुल कितने और कौन–कौन से एन0जी0ओ0 (गैर सरकारी स्वंय सेवी संगठन) चल रहे है? इसमें कितने राज्य से बाहर के निवासियों द्वारा संचालित है? क्या मुख्य मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमें से कितने समाज कल्याण से पंजीकृत है व कितने समाज कल्याण विभाग के दिशा – निदेशन में कार्य कर रहे है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि कितने अन्य विभागों से पंजीकृत है? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि यह संगठन (एन0जी0ओ0) कौन–कौन से स्थानों पर कार्य कर रहे हैं ओर सरकार का इन पर क्या नियंत्रण है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या सरकार राज्य में कार्य कर रहे सभी एन0जी0ओ0 की विवेचना करती है? यदि हां, तो कैसे और किसके द्वारा?

समाज कल्याण

श्री गोपाल सिंह रावत
17.06.2009

*7. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अनावृष्टि को दृष्टिगत रखते हुए सरकार बी0पी0एल0 परिवारों के साथ–साथ गरीबी की रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवारों को सरकारी रेट पर खाद्यान्न गेहूं, चावल, चीनी, उपलब्ध करायेगी? यदि हां, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों?

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>18.06.2009 | ***8.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि वृद्धावस्था, विकलांगवस्था, विधवावस्था पेंशन बैंकों के माध्यम से वितरित की जाती थी? क्या यह सत्य है कि व्यवहारिक कठिनाईयों के कारण पूर्व में उक्त पेंशन वितरण व्यवस्था पोस्ट–आफिस के माध्यम से की जाती रही है? यदि हां, तो वे कौन सी ऐसी परिस्थितियों है कि पुनः सरकार उक्त पेंशन वितरण व्यवस्था बैंकों के माध्यम से करने जा रही है? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>18.06.2009 | ***9.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि बी0पी0एल0 कार्ड धारकों को पूर्व में एक किलो चीनी प्रतिमाह प्रति यूनिट दी जाती रही है और अब मात्र 600 ग्राम चीनी दी जा रही है? यदि हां, तो चीनी के कोटे में कटौती किए जाने के क्या कारण है तथा कब तक चीनी का कोटा एक किलो प्रति यूनिट प्रतिमाह कर दिया जायेगा? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>19.06.2009 | ***10.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2008–09 में अब तक टी0डी0सी0 द्वारा कितना गेहूं के बीज का क्रय किया गया एवं उसके सापेक्ष 31 दिसम्बर, 2008 तक कितने बीज की बिक्री हुई तथा 10 जनवरी, 2009 के पश्चात कितनी बिक्री हुई? | **कृषि** |
| श्री मयूख महर<br>19.06.2009 | ***11.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ के वि0ख0 धारचूला में रह रहे नेपाली मूल के लोगों को ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र प्रदान किये गये है? क्या यह सत्य है कि मात्र 100 मीटर से 20 कि0मी0 के दायरे में समान सामाजिक एवं भौगोलिक परिस्तिथियों में वि0ख0 कनालीछीना में भी नेपाली मूल के लोग निवास कर रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार उन्हें भी ओ0बी0सी0 प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने पर विचार करेंगी? | **समाज कल्याण** |
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>22.06.2009 | ***12.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार लक्सर क्षेत्र एक कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहॉ पर प्रचुर मात्रा में खाद्यान्न, सब्जी, आदि कृषि उपज पैदा की जाती है? क्या यह सत्य है कि मण्ड़ी की उपलब्धता न हाने के कारण दलालों द्वारा फसल कम दामों पर खरीदकर, किसानों का शोषण किया जाता है? यदि हां, तो क्या सरकार लोकहित में किसानों का शोषण रोके जाने हेतु लक्सर क्षेत्र में अनाज एवं सब्जी मण्ड़ी स्थापित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्री राजेश जुवॉठा<br>22.06.2009 | ***13.** क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शहरी निकायों में अकेन्द्रियित सेवा से आये तथा धारा–31 में तैनात अधिशासी अधिकारियों के समायोजन एवं विनियमितीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **नगर विकास** |

श्री प्रीतम सिंह
29.06.2009

*14. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य निर्माण के पश्चात् घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने के कितने मामलें प्रकाश में आये हैं? क्या सरकार द्वारा इस पर कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

खाद्य

श्रीमती अमृता रावत
30.06.2009

*15. क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि बद्रीनाथ, केदारनाथ तथा गंगोत्री नगर पंचायतों में वर्ष 1994 से अब तक अध्यक्ष पद पर किसी जनप्रतिनिधि को नामित नही किया गया है और न ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई है? यदि हां, तो इसका कारण क्या है तथा कब तक नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी? क्या यह भी सत्य है कि नगर पंचायत बद्रीनाथ, केदारनाथ तथा गंगोत्री में वर्ष 1994 से प्रशासक कार्यरत हैं? यदि हां, तो इतनी लम्बी अवधि तक प्रशासक के नियंत्रण में नगर पंचायतों के संचालन का औचित्य क्या है तथा नगर पंचायतों में कितनी अवधि के लिए प्रशासक नियुक्त करने का प्राविधान है?

नगर विकास

श्री पुष्पेश त्रिपाठी
30.06.2009

*16. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निगम देहरादून में ऐसे कितने निर्वाचित सदस्य है, जिनके परिवार व सदस्यों द्वारा नगर निगम के स्वामित्व वाली भूमि पर कब्जा करके मकान व दुकान बनाये गये है? क्या यह सत्य है कि ऐसे सदस्यों का चुनाव लड़ा जाना असंवैधानिक है? यदि हां, तो क्या ऐसे सदस्यों की सदस्यता को निरस्त करने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

नगर विकास

श्रीमती आशा नौटियाल
10.06.2009

*17. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एम0डी0डी0ए0 क्षेत्रान्तर्गत देहरादून तथा मसूरी शहर में चिन्हित एवं अतिक्रमित भूमि/भवन कौन–कौन से हैं तथा इनको हटाये जाने हेतु कब–कब और क्या–क्या कार्यवाही की गई? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अतिक्रमणों से दोनों शहरों को कब तक मुक्त कर दिया जाएगा यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है?

चतुर्थ गुरूवार के लिए स्थगित

## अतारांकित प्रश्न

श्री प्रेमानन्द महाजन
16.06.2009

1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मिट्टी के नमूने की जांच किस दर पर की जाती है? क्या सरकार मृदा की निःशुल्क जांच करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

श्री प्रेमानन्द महाजन
16.06.2009

2. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर में चालू वर्ष में गेहूं की कितनी खरीद हुई है? क्या किसानों को गेहूं का सम्पूर्ण भुगतान हो चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हां, तो कब?

खाद्य

| | | |
|---|---|---|
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>16.06.2009 | **3.** क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में सहकारिता के कार्य हेतु संचालकों/सहकारिता प्रतिनिधियों को अत्यधिक दूरी से जिला मुख्यालय में आना पड़ता है? क्या सरकार जनपद मुख्यालय उत्तरकाशी में उनकी सुविधा हेतु सहकारिता भवन का निर्माण करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |
| श्री मयूख महर<br>16.06.2009 | **4.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में अभी तक कुल कितने अटल आवास आवंटित किये गये है? क्या आवास प्राप्त करने हेतु लाभार्थियों की पात्रता निर्धारित की गयी है? यदि हां, तो आवास प्राप्त करने हेतु बी0पी0एल0 कार्ड धारक होना तथा ग्राम पंचायत की बैठक में वरीयता निर्धारित करना आवश्यक है? क्या सरकार जनपद के समस्त अटल आवास से लाभान्वित व्यक्तियों के बी0पी0एल0 नम्बर एवं ग्राम पंचायत में चयनित वरीयता नम्बर उपलब्ध करायेगी? | **समाज कल्याण** |
| श्री मयूख महर<br>16.06.2009 | **5.** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायत पिथौरागढ़ द्वारा व्यक्तिगत लाभ योजना के अन्तर्गत वर्ष 2007 व 2008 में कुल कितने वर्कशेड लाभार्थियों को आवंटित किये गये एवं आवंटित कितने शेड पूर्ण हुये है व कितने अपूर्ण हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कितने शेडों के लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है व कितनों का भुगतान अभी शेष है? क्या सरकार द्वारा उन्हे शेष भुगतान किया जायेगा यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायती राज** |
| श्री मयूख महर<br>16.06.2009 | **6.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में गत दो वर्षो से बी0ए0डी0पी0 योजना के तहत कुल कितनी धनराशि केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित की गयी है? क्या उक्त योजना हेतु आवंटित धनराशि को खर्च करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा कोई दिशा निर्देश निर्धारित किये गये है? यदि हां, तो क्या?क्या योजनाओं को चयन करते समय सीमा से प्रस्तावित स्थल हेतु कोई दूरी गाइड लाइन में निर्धारित है? यदि हां, तो कितनी? क्या जनपद में बी0ए0डी0पी0 योजना के अन्तर्गत चल रही तथा प्रस्तावित योजनाओं की सूची उनकी सीमा से दूरी तथा वि0ख0 वार आवंटित धनराशि क्या है? | **चतुर्थ गुरूवार के लिए स्थगित** |
| श्री गोपाल सिंह रावत<br>17.06.2009 | **7.** क्या सहकारिता मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में साधन सहकारी समितियों के भवन जर्जर अवस्था में एवं क्षतिग्रस्त स्थिति में है? क्या यह सत्य है कि अधिकांश सहकारी समितियों के कार्यालय किराये के भवनों पर चल रहे हैं? क्या सरकार साधन सहकारी समितियों के कार्यालय भवनों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |

श्री मयूख महर
18.06.2009

**8.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ को गत दो वर्षो में एस0सी0पी0 योजना के तहत कुल कितनी धनराशि आवंटित की गयी है तथा आवंटित धनराशि से निर्माणाधीन प्रत्येक योजना का नाम निर्धारित धनराशि तथा कार्यदायी संस्था के नाम क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि एस0सी0पी0 योजना चयन हेतु केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा क्या मानक (गाइड लाइन) निर्धारित किए गए है? क्या एस0सी0पी0 योजना को चयन करते वक्त उस क्षेत्र की एस0सी0 जनसंख्या की जनसंख्या मानक निर्धारित है, यदि हां, तो जनपद पिथौरागढ़ में चल रही चयनित प्रत्येक एस0सी0पी0 योजना के कार्यो तथा उस क्षेत्र की एस0सी0 जनसंख्या के विवरण क्या हैं?

**समाज कल्याण**

श्रीमती अमृता रावत
18.06.2009

**9.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कौन–कौन से स्वीकृत मोटर मार्ग है जिन पर अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है और ऐसे कौन–कौन से मोटर मार्ग है जिन पर कार्य बन्द पड़ा हुआ है अथवा अपूर्ण स्थिति में है? इन स्वीकृत मोटर मार्गों का निर्माण प्रारम्भ किये जाने अथवा निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा मार्ग निर्माण में हो रहे विलम्ब के कारण क्या है तथा कब तक स्वीकृत मोटर मार्गों का निर्माण पूर्ण किया जायेगा?

**ग्राम्य विकास**

श्री प्रीतम सिंह
18.06.2009

**10.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 'हज हॉऊस' स्वीकृत हुआ हैं? यदि हां, तो कब? क्या 'हज हॉऊस' का निर्माण पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**

श्री प्रीतम सिंह
18.06.2009

**11.** क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राशन कार्डो के नवीनीकरण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**खाद्य**

**श्रीमती अमृता रावत**
**19.06.2009**

12. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**

**पशुपालन**

श्री प्रीतम सिंह
19.06.2009

**13.** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठकों में किस स्तर तक के अधिकारी/कर्मचारी हिसा लें सकते हैं? क्या अधिकारी/कर्मचारी जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठकों में सुचारू रूप से हिस्सा लेते हैं? यदि नहीं, तो क्यों? क्या जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत की बैठकों से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्व सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

**पंचायती राज**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>22.06.2009 | **14.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधायक निधि से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी, बीरोंखाल, पौड़ी गढ़वाल को सम्बोधित एवं मुख्य विकास अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल को पृष्ठांकित प्रश्नकर्ता का पत्रांक 1597/विधायक/39–विधायक निधि/2008–09 दिनांक 18 मार्च, 2009 कब प्राप्त हुआ है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि पत्र में संदर्भित पत्रों पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्रश्नकर्ता को उपलब्ध न करवाऐ जाने के कारण क्या है तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है एवं क्षेत्रीय विधायक की उपेक्षा करने के प्रति क्या कार्यवाही की गई हैं? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.06.2009 | **15.** क्या पंचायती राज मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा विधान सभा भिक्यासैंण के प्रमुख बाजारों जैसे भिक्यासैंण, देघाट, स्यालदे, मासी, मानीला व जालली में सार्वजनिक शौचालयों की कोई व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों के साथ–साथ स्थानीय जनता विशेषकर महिलाओं को भारी असुविधा होती है? क्या सरकार उपरोक्त बाजारों में शौचालयों के निर्माण किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायती राज** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>22.06.2009 | **16.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के ब्लॉक भिक्यासैंण व ब्लॉक स्यालदे में विभिन्न श्रेणियों में कुल कितने पद सृजित है एवं पद वार कुल कितने कर्मचारी कार्यरत है एवं तत्सम्बन्धित पूर्ण विवरण क्या है? क्या सरकार विभिन्न श्रेणियों में कर्मचारियों की कमी को पूर्ण करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री नारायण पाल<br>24.06.2009 | **17.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बी0पी0एल0 योजना के अन्तर्गत वार्षिक पात्रता का पुर्ननिर्धारण हेतु राज्य सरकार की क्या नीति है, और इस दिशा में अब तक कार्य की क्या प्रगति हुई है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि बी0पी0एल0 पुर्ननिर्धारण किया जा रहा है? यदि हां, तो अब तक कितना पुर्ननिर्धारण हुआ है? और कितना प्रस्तावित है? | **ग्राम्य विकास** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24.06.2009 | **18.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी मुख्यालय के स्थान गडोली में रूपये 103–76 लाख से निर्मित राजकीय संप्रेक्षण गृह का लोकार्पण मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2009 को किया गया? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि जिला समाज कल्याण अधिकारी पौड़ी द्वारा अभी तक इस भवन को अधिगृहित नहीं किया गया है? यदि हां, तो भवन के अधिगृहित किए बिना ही मा0 मुख्यमंत्री जी से लोकार्पण कराने का औचित्य क्या है तथा भवन अधिगृहित न किए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा कब तक भवन को अधिगृहित कर लिया जायेगा? | **समाज कल्याण** |

श्री शैलेन्द्र सिंह रावत
25.06.2009

**19.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल में स्वीकृत ऐता–उमरैवा–चरेख मोटर मार्ग का निर्माण कार्यदायी संस्था को धन भुगतान कर दिये जाने के बावजूद भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार कार्य पूर्ण किये बिना धनराशि का भुगतान करने वाले अधिकारी तथा संबन्धित दोषी निर्माण संस्था को दण्डित करने तथा योजना के निर्माण को पूरा करने के लिये कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्रीमती अमृता रावत
25.06.2009

**20.** क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि नगर पालिका परिषद् दुगड्डा, पौड़ी गढ़वाल के कर्मचारियों को वेतन भुगतान किए जाने हेतु नगर पालिका परिषद् दुगड्डा (गढ़वाल) द्वारा विशेष अनुदान की मांग की गई है? यदि हां, तो विशेष अनुदान कब तक दिए जाने की सम्भावना है? यदि नहीं, तो क्यों?

नगर विकास

श्री नारायण पाल
26.06.2009

**21.** क्या खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के धारी, ओखलकांडा, बेतालघाट, भीमताल व रामगढ़ विकास खण्डों में प्रति माह चीनी, मिट्टी तेल व चावल का कितना कोटा निर्धारित है? क्या इन सभी विकास खण्डों में प्रत्येक माह समय पर जनता को उपरोक्त वस्तुऐं प्रदान की जाती है? क्या इस दिशा में खाद्य आपूर्ति अधिकारियों द्वारा समय–समय पर इन लाइसेंस धारक दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाता है? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनवरी, 2008 से जून, 2009 तक खाद्य अधिकारियों द्वारा उपरोक्त विकास खण्डों के दूरस्थ गांवों में सरकारी गल्ले की दुकानों का निरीक्षण कर क्या कार्यवाही की?

खाद्य एवं आपूर्ति

श्री प्रेमानन्द महाजन
29.06.2009

**22.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य वित्त एवं क्षेत्र पंचायत निधि के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना से अकुशल मजदूरों की मजदूरी भुगतान किये जाने का कोई प्रावधान है? क्या यह सत्य है कि पक्के कार्य 'नरेगा' के माध्यम से कराये जाने से कार्य में अधिक लागत आयेगी? यदि हां, तो क्या सरकार कार्य की गुणवत्ता को मद्देनजर रखते हुये पक्के कार्यों को कुशल एवं अनुभवी मजदूरों से कराया जाना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्री प्रेमानन्द महाजन
29.06.2009

**23.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधायक निधि से होने वाले कार्यों का वर्क आर्डर किस अधिकारी के आदेश से जारी किया जाता है? क्या यह सत्य है कि जनपद ऊधमसिंह नगर में विधायक निधि से होने वाले कार्यों का वर्क आर्डर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के नाम से जारी किये जा रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार वर्क आर्डर कार्यदायी संस्थाओं, प्रमुखों के नाम पर जारी किये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्री प्रेमानन्द महाजन
29.06.2009

**24.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि विधायक निधि से होने वाले कार्यों का कार्य अकुशल मजदूरों द्वारा किये जाने पर कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित होती है? यदि हां, तो क्या सरकार विधायक निधि से होने वाले महत्वपूर्ण कार्य को कुशल/अनुभवी मजदूरों से ही कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**ग्राम्य विकास**

श्रीमती आशा नौटियाल
29.06.2009

**25.** क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद रूद्रप्रयाग विकास खण्ड अगस्त्यमुनि में ग्राम वष्टी में पशुचिकित्सा केन्द्र खोलने की मांग जनता द्वारा वर्षों से की जा रही है? यदि हां, तो उक्त गांव में शीघ्र पशुचिकित्सा केन्द्र की स्थापना की जायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पशुपालन**

श्रीमती अमृता रावत
30.06.2009

**26.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के जिला समाज कल्याण विभाग को वर्ष 2007–08 एवं 2008–09 में आर्थिक रूप से पिछड़े व्यक्तियों के लिए विवाह/चिकित्सा उपचार हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी पौड़ी के कार्यालय में सहायतानुदान चाहने हेतु कितने प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये है और प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष किन–किन व्यक्तियों (नाम पता एवं धनराशि सहित) को कितनी–कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है? क्या सरकार उक्त का विधान सभा वार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी?

**समाज कल्याण**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
02.06.2009

**27.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि सहायक निदेशक जलागम का कार्यालय ताड़खेत से लगभग एकवर्ष पूर्व स्थानान्तरित होकर भिक्यासैण में स्थापित हैं? क्या यह सत्य है कि कार्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ भिक्यासैण स्थानान्तरित न होने के कारण कार्य बाधित हो रहे हैं? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त प्रकरण की जांच करा कर जांच रिर्पोट सदन के पटल पर रखते हुए सहायक निदेशक जलागम के सम्पूर्ण स्टाफ को भिक्यासैण स्थानान्तरित किये जाने पर विचार करेगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**कृषि**

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
03.06.2009

**28.** क्या पंचायती राज मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के स्याल्दे विकास खण्ड में बैरतिया (बोहरागांव) में बिनोद नदी पर निर्मित पुल अत्यधिक जीर्ण–शीर्ण अवस्था में होने के कारण क्षेत्र वासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार इस पुल का पुनः निर्माण करने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**पंचायती राज**

श्री केदार सिंह रावत
10.06.2009

**29.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार द्वारा 1 जनवरी 2008 से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों पर मान्यता) अधिनियम–2006 एवं नियम–2007 लागू किये गये हैं जिसके तहत उत्तराखण्ड राज्य में भी वन भूमि पर काबिजों को अधिकार दिये जाने है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून एवं नियम के कौन–कौन से प्राविधानों को किस तिथि से लागू किया गया है व किन प्राविधानों को लागू किये जाने की वन विभाग को छूट प्रदान की गयी है तथा राज्य में लागू होने की जानकारी किस पत्र कमांक के द्वारा किस जिले के किस स्तर के वन अधिकारी व कर्मचारी को कब–कब दी गयी? यदि नहीं, तो क्यों?

**समाज कल्याण**